हरियाणा मे वाहनों के लिये सम-विषम प्रणाली

drishtiias.com/hindi/printpdf/odd-even-system-for-vehicles-in-haryana

चर्चा में क्यों?

18 नवंबर, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पलवल में कहा कि दिल्ली और इससे सटे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण के संकट से निपटने हेतु वाहनों के लिये सम-विषम प्रणाली लागू की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को रोकने के लिये राज्य सरकार ने अगले सप्ताह से चार ज़िलों-गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और झज्जर में ऑड-ईवन नियम लागू करने का फैसला किया है।
- ऑड-ईवन योजना के तहत वाहनों के लिये वैकल्पिक दिनों को चिह्नित किया जाता है, जिनकी नंबर प्लेट क्रमश: विषम और सम संख्याओं में समाप्त होती है। विषम संख्या में समाप्त होने वाले पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को विषम दिनों में सड़कों पर और सम संख्या वाले वाहनों को सम दिनों में अनुमति दी जाती है।
- खट्टर ने कहा कि प्रदूषण उद्योगों, वाहनों सहित अन्य कारणों से होता है। हरियाणा में इस बार पराली जलाने की घटनाएँ तेज़ी से कम हुई हैं।
- वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिये उठाए गए कदमों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिये सुझाव देने हेतु गुरुग्राम में एक इंजीनियर कमेटी का गठन किया गया है।